Dainik Jagran 03-06-2026

# अध्यापक पात्रता परीक्षाओं के लिए 32,531 आवेदन पत्र सही

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला** : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि जून में होने वाली अध्यापक पात्रता परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 30 अप्रैल से 18 मई तक की गई थी। इन परीक्षाओं के लिए 33,971 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिनमें से 32,531 सही पाए गए हैं।

स्पेशल एजुकेटर टेट (प्री-प्राइमरी से पांचवीं) के लिए 407, स्पेशल एजुकेटर टेट (छठी से जमा दो) के लिए 128, टीजीटी आर्ट्स टेट के लिए 10,515, टीजीटी मेडिकल टेट के लिए 3,318, जेबीटी टेट के लिए 8,925, टीजीटी संस्कृत टेट के लिए 1,394, पंजाबी टेट के लिए 89, उर्दू टेट के लिए सात, टीजीटी नान मेडिकल टेट के लिए 5,517 व टीजीटी हिंदी टेट के लिए 2,231 आवेदन स्वीकार किए हैं।



डा. राजेश शर्मा • जागरण आर्काइव

उन्होंने बताया कि 1,440 अभ्यर्थियों ने निर्धारित अंतिम तिथि 18 मई तक आवेदन पत्र के साथ निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया है। इन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निरस्त कर दिए हैं। इन आवेदनों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर डाल दी है। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि में शुल्क जमा करवाया है, लेकिन किसी कारणवश उनका आवेदन निरस्त हो गया है तो वे अपने आवेदन संख्या, रिजेक्शन सूची में अंकित क्रम संख्या व शुल्क जमा करने से संबंधित दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में पांच जून तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे अपने आवेदन की स्थिति बोर्ड की वेबसाइट पर जांच लें। किसी भी जानकारी के लिए बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

Amar Ujala 03-06-2026

# छठी से लेकर 8वीं कक्षा तक विद्यार्थियों को मिलेगा एआई का बेसिक ज्ञान

## 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को दिया जाएगा मॉडल आधारित ज्ञान, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने तैयार किया एआई का पूरा पाठ्यक्रम


विपिन चौधरी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में विद्यार्थियों को अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का ज्ञान देने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए एआई का विस्तृत पाठ्यक्रम तैयार कर लिया है। इस पाठ्यक्रम को लागू करने के संबंध में प्रदेश सरकार के साथ बैठक भी हो चुकी है और अब लिखित मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है।

### पाठ्यक्रम को लेकर प्रदेश सरकार से हो चुकी है शिक्षा बोर्ड की बैठक लिखित मंजूरी का इंतजार

शिक्षा बोर्ड की ओर से प्रस्तावित पाठ्यक्रम के अनुसार छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को एआई का बेसिक ज्ञान दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें कंप्यूटर की भी जरूरत नहीं होगी। विद्यार्थियों को एआई की अवधारणा, इसके उपयोग और दैनिक जीवन में इसकी भूमिका से परिचित करवाया जाएगा। वहीं नौवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मॉडल आधारित और उन्नत स्तर का ज्ञान प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आधुनिक तकनीक की कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से समझ सकें।




शिक्षा बोर्ड की ओर से तैयार किए गए इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करना है। एआई आधारित शिक्षा से छात्रों में नवाचार, तार्किक सोच और तकनीकी कौशल का विकास होने की उम्मीद है। सरकार से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद पाठ्यक्रम को लागू करने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

> स्कूल शिक्षा बोर्ड मुख्यालय में एआई के पाठ्यक्रम को शुरू करवाने के लिए एक कंपनी के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में विभिन्न विषय विशेषज्ञ भी मौजूद रहे थे। इसके बाद अब शिक्षा बोर्ड ने एआई के पाठ्यक्रम को तैयार कर लिया है। पाठ्यक्रम शुरू करने की प्रेजेंटेशन को प्रदेश सरकार के समक्ष रखा है। सरकार ने इसे शुरू करने को हामी भर दी है। लिखित में अप्रूवल आने के बाद इसे शुरू करने की आगामी औपचारिकताएं शुरू की जाएंगी।
>
> **-डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला**

Amar Ujala 03-06-2026

# शिक्षा बोर्ड ने रद्द किए टेट के 1,440 आवेदन

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) के लिए 1,440 आवेदनों को रद्द कर दिया है। बोर्ड की ओर से यह कार्रवाई उन अभ्यर्थियों के खिलाफ की गई है, जिन्होंने आवेदन पत्र अधूरे छोड़े थे या परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया था। शिक्षा बोर्ड के पास 33,971 आवेदन पहुंचे थे। बोर्ड की स्क्रूटनी के बाद अब 32,531 आवेदन ही सही पाए गए हैं।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जून में होने वाली 10 विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) के लिए 30 अप्रैल से 15 मई तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन मांगे थे। इनमें से 1,440 आवेदन रद्द होने के बाद अब शिक्षा बोर्ड के पास स्पेशल एजुकेटर प्री प्राइमरी से 5वीं के लिए 407, स्पेशल एजुकेटर छठी से 12वीं कक्षा तक के लिए 128 और टीजीटी आर्ट्स के लिए 10,515 आवेदन सही पाए गए हैं।

इसके अलावा टीजीटी मेडिकल के लिए 3,318, जेबीटी के लिए 8,925, टीजीटी संस्कृत के लिए 1,394, पंजाबी के लिए 89, उर्दू के लिए 7, टीजीटी नॉन मेडिकल के लिए 5,517 और टीजीटी हिंदी के लिए 2231 आवेदन बचे हैं।

## अधूरे आवेदन और फीस न भरने वाले अभ्यर्थियों पर हुई कार्रवाई

स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का नाम रिजेक्ट लिस्ट में है और फीस जमा करवाई है तो वे 5 जून तक शुल्क जमा करवाने संबंधी दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत कर अपना रोल नंबर प्राप्त कर सकते हैं। ब्यूरो

## लीट-पैट के एडमिट कार्ड वेबसाइट पर अपलोड

**धर्मशाला।** प्रदेश भर में 7 जून को पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा (पैट) तथा 14 जून को लेटरल एंट्री एंट्रेंस टेस्ट (लीट) का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों प्रवेश परीक्षाओं के लिए तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। अभ्यर्थी अपने आवेदन नंबर और अन्य आवश्यक विवरण दर्ज कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव अशोक पाठक ने बताया कि इस वर्ष लीट परीक्षा के लिए 2,299 तथा पैट परीक्षा के लिए 5,320 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एडमिट कार्ड साथ लाना होगा। ब्यूरो

Himachal Dastak 03-06-2026

# जेबीटी एवं टीजीटी टेट जून-2026 के लिए 32,531 आवेदन स्वीकार

हिमाचल दस्तक ▮ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा जून-2026 में आयोजित की जाने वाली विभिन्न अध्यापक पात्रता परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया संचालित की गई थी। उन्होंने बताया कि उक्त परीक्षाओं के लिए कुल 33,971 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 32,531 आवेदन पत्र सही पाए गए हैं। विषयवार प्राप्त वैध आवेदनों में स्पेशल एजुकेटर टेट (प्री-प्राइमरी से 5वीं कक्षा) के लिए 407, स्पेशल एजुकेटर टेट (छठी से 12वीं कक्षा) के लिए 128, टीजीटी (आर्ट्स) टेट के लिए 10,515, टीजीटी (मेडिकल) टेट के लिए 3,318, जेबीटी टेट के लिए 8,925, टीजीटी (संस्कृत) टेट के लिए 1,394, पंजाबी टेट के लिए 89, उर्दू टेट के लिए 7, टीजीटी (नॉन-मेडिकल) टेट के लिए 5,517 तथा टीजीटी (हिंदी) टेट के लिए 2,231 आवेदन स्वीकार किए गए हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि 1,440 अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्रों के साथ निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया गया। निर्धारित अंतिम तिथि 18 मई तक शुल्क जमा न करने के कारण ऐसे सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिए गए हैं। निरस्त किए गए आवेदनों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। उजिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि के भीतर शुल्क जमा करवाया है, किंतु किसी कारणवश उनका आवेदन निरस्त हो गया है, वे अपने आवेदन संख्या, रिजेक्शन सूची में अंकित क्रम संख्या तथा शुल्क जमा करने से संबंधित दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में 5 जून तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे अपने आवेदन की स्थिति बोर्ड की वेबसाइट पर अवश्य जांच लें तथा किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

Divya Himachal
03-06-2026

# टीईटी को आए 1440 आवेदन रिजेक्ट

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा टीईटी जून-2026 सत्र की विभिन्न शिक्षक पात्रता परीक्षाओं के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विभिन्न श्रेणियों की परीक्षाओं के लिए कुल 33971 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 32531 आवेदन सही पाए गए हैं। इसके अलावा 1440 अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। बोर्ड ने इन अस्वीकृत अभ्यर्थियों की सूची भी जारी कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने कहा है कि अभ्यर्थी अपने आवेदन से संबंधित जानकारी बोर्ड की वेबसाइट पर देख सकते हैं तथा अधिक जानकारी के लिए बोर्ड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# "परीक्षा केंद्रों में CCTV निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु बोर्ड परीक्षा विनियमों में संशोधन"

**जागो ! धर्मशाला/ राकेश कुमार**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड परीक्षाओ की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बोर्ड परीक्षा विनियमों (Examination Regulations) के अध्याय-8 "परीक्षा केंद्रो का सृजन" के अंतर्गत नियम 8.2.2(1) में संशोधन किया गया है।डॉ. शर्मा ने बताया कि संशोधित नियमों के अनुसार प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा आरंभ होने से पूर्व सभी परीक्षा कक्षों/ हॉलों तथा प्रवेश एवं निकास बिंदुओ पर CCTV कैमरों की स्थापना अनिवार्य होगी। इसके अतिरिक्त सभी CCTV कैमरे वीडियो के साथ-साथ ऑडियो रिकॉर्डिंग सुविधा से भी युक्त होने चाहिए, ताकि परीक्षा गतिविधियों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने आगे बताया कि परीक्षा केंद्रो में



डॉ. राजेश शर्मा

स्थापित निगरानी प्रणाली के लिए Network Video Recorder (NVR) का उपयोग करना अनिवार्य होगा तथा उसमें कम से कम 06 माह का बैकअप सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही CCTV प्रणाली में प्रयुक्त IP Address/Network Connectivity स्थायी (Static) प्रकृति की होनी चाहिए, जिससे निगरानी व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित हो सके तथा आवश्यकता पड़ने पर रिकॉर्डिंग तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित की जा सके।बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि यह संशोधन परीक्षा प्रणाली में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने तथा नकल एवं अन्य अनुचित गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों एवं शिक्षण संस्थानों से संशोधित नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।"हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों में CCTV निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु किए गए संशोधन से परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को नई मजबूती मिलेगी। आधुनिक तकनीक के उपयोग से नकल जैसी अनुचित गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और विद्यार्थियों को एक सुरक्षित एवं निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा देने का अवसर प्राप्त होगा। यह कदम न केवल शिक्षा व्यवस्था में विश्वास को बढ़ाएगा बल्कि भविष्य में बोर्ड परीक्षाओ की गरिमा और विश्वसनीयता को भी सुनिश्चित करेगा। बोर्ड का यह निर्णय शिक्षा जगत में सुधार और तकनीकी उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।""हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का यह निर्णय परीक्षा व्यवस्था में तकनीकी सुधार और पारदर्शिता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। CCTV निगरानी प्रणाली के सुदृढ़ीकरण से न केवल परीक्षा केंद्रों में अनुशासन और निष्पक्षता सुनिश्चित होगी, बल्कि विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच परीक्षा प्रक्रिया के प्रति विश्वास भी और गहरा होगा। छह माह तक सुरक्षित रखी जाने वाली रिकॉर्डिंग भविष्य में किसी भी विवाद या जांच की स्थिति में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में काम करेगी। इस पहल से बोर्ड परीक्षाओ की विश्वसनीयता और गरिमा में वृद्धि होगी तथा शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में यह कदम आने वाले वर्षों में अन्य राज्यों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकता है।"

The Sunny Times

# THE TET CUTOFF: 32,531 IN, 1,440 OUT FOR HIMACHAL'S JUNE 2026 TEACHER EXAM

***Sunny Mahajan | Dharamshala***

The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially accepted 32,531 applications for the upcoming Teacher Eligibility Test (TET) scheduled for June 2026. Sharing the details, HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma stated that the online application window for various teacher eligibility categories was open from April 30 to May 18, 2026.

During this period, the board received a total of 33,971 applications, out of which 32,531 forms were found to be valid. Breaking down the accepted applications by subject, the highest number of valid forms came from TGT Arts candidates with 10,515 applications, closely followed by JBT TET with 8,925 applications. Additionally, the board approved 5,517 applications for TGT Non-Medical, 3,318 for TGT Medical, 2,231 for TGT Hindi, and 1,394 for TGT Sanskrit. Smaller applicant pools were recorded for specialized categories, including 407 forms for Special Educator (Pre-Primary to Class V), 128 for Special Educator (Class VI to XII), 89 for Punjabi TET, and 7 for Urdu TET.

On the other hand, the board rejected 1,440 applications because the candidates failed to pay the required examination fee by the closing deadline of May 18, 2026. The list of these cancelled applications has already been published on the official board website at www.hpbose.org.

Dr. Sharma has advised candidates to check their application status on the portal immediately. If a candidate actually paid their fee before the deadline but still found their name on the rejection list, they have a brief window to correct the mistake. They must submit their application number, their serial number from the rejection list, and genuine proof of payment to the board office by June 5, 2026. The board emphasized that no claims or documents will be entertained after this final date. Candidates who need assistance or have further inquiries can directly contact the board office at their official telephone number, 01892-242192.

